सामाजिक सेवा से बड़ा कोई बलिदान नहीं-सिंह

शान्तिवन, आबू रोड, 23 जून। अरूणांचल प्रदेश के राज्यपाल जनरल जे जे सिंह ने कहा कि पीड़ित लोगों की सेवा करना ही मानवता का धर्म है। हिन्दुस्तान का विकास तभी होगा जब कल के होने वाले नागरिक युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। सामाजिक सेवा के बड़ा कोई बलिदान नहीं है। वे शान्तिवन में पूरे भारत से आयी ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र की ब्र0 कु0 बहनों के शिक्षक प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित कर रहे थे।

आगे उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक मनुष्य के अन्दर संवेदनशीलता, कठिन परिश्रम, ईमानदारी की जैसे मूल्यों की अति आवश्यकता है। आध्यात्मिक शिक्षण प्रशिक्षण के लिए आयी बहनों के प्रति आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये चार सौ बहनें पूरे भारत में फैलकर शान्ति की क्रान्ति लायेगी। शान्ति की क्रान्ति से देश में खुशहाली और बढ़ेगी और बुराईयों का अन्त होगा। ईश्वर ने भारत जैसे देश में रहने वाले लोगों में असीम ऊर्जा प्रदान की है। जब भी भारत विकसित और मूल्यों से ओत-प्रोत होगा तो उसमें आप सभी का अहम योगदान होगा। मनुष्य को कभी भी अपने मिशन और कर्त्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए।

ब्रह्माकुमारी शान्तिवन के प्रबन्धक ब्र कु भूपाल ने कहा कि मानवता की जीवन में समर्पण से त्याग और वलिदान की भावना बलवती होती है। उन्होंने संस्था की सेवा में समर्पित मातेश्वरी जगदम्बा को याद करते हुए कहा उनका जीवन सदैव लोगों की सेवा और समर्पणता से एक मिशाल पेश की जिसके पदचिन्हों पर हजारों बाल ब्रह्मचारिणी जनसेवा में अपने आपको समर्पित किया है। इसके पश्चात दिल्ली से आयी ट्रेनर ब्र कु पुष्पा तथा सुरक्षा प्रभाग के ब्र0 कु0 अशोक गाबा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

प्रातः 9 बजे वे शान्तिवन में आये जहाँ संस्था के ब्र0 कु0 भूपाल, ब्र0 कु0 निर्वेर भाई, ब्र0 कु0 बनारसी, ब्र0 कु0 करूणा भाई ने गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद वे तपस्या धाम, तथा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दिवंगत दादी प्रकाशमणी के स्तम्भ पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। डायमंड हाल, सोलार सिस्टम का अवलोकन कर अहमदाबाद के लिए प्रस्थान कर गये।